No. 1A/ स्थापना/1666.

क्र. 16920

वेबसाइट हेतु

**प्रदेश के चिकित्सा महाविद्यालयों से स्नातकोत्तर डिग्री/डिप्लोमा उत्तीर्ण बंधपत्र चिकित्सकों की पदस्थापना हेतु ऑन लाईन विकल्प प्राप्त करने की सूचना**

## –:: ऑनलाइन विकल्प प्रस्तुत करने हेतु दिशा–निर्देश ::–

| | |
|---|---|
| 1. | प्रदेश के चिकित्सा महाविद्यालयों(शासकीय/निजी) से वर्ष 2020 में स्नातकोत्तर डिग्री/डिप्लोमा अध्ययन पूर्ण किए चिकित्सकों की सूची संचालनालय, चिकित्सा शिक्षा से प्राप्त हुई है। स्नातकोत्तर बंधपत्र चिकित्सकों की 01 वर्ष की अनिवार्य सेवा हेतु संलग्न निर्धारित प्रपत्र में चिकित्सकों को दिनांक 19.09.2020 (दोपहर 12:00) से दिनांक 23.09.2020 (रात्रि 12:00) तक ई–मेल gazattedpg@gmail.com पर पदस्थापना हेतु विकल्प प्रस्तुत करना है। |
| 2. | उपरोक्त दिनांक दिनांक 19.09.2020 (दोपहर 12:00) से दिनांक 23.09.2020 (रात्रि 12:00) के पूर्व एवं पश्चात की अवधि में प्राप्त आवेदन–पत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा। अतः निर्धारित समयावधि अंतर्गत ही प्रपत्र प्रेषित किए जावें। |
| 3. | संचालनालय, चिकित्सा शिक्षा से प्राप्त प्राप्तांक/पुर्णांक सूची अनुसार ,चिकित्सक द्वारा प्राप्त किए प्रतिशत के आधार पर अनंतिम मेरिट सूची तैयार की गई है। चिकित्सक अपने प्राप्तांक के प्रतिशत अनुसार मेरिट सूची में नाम का अवलोकन कर सकते हैं। मेरिट सूची के सरल क्रमांक 622 से 629 के प्राप्तांक अप्राप्त हैं। अतः अंकसूची की छायाप्रति सहित जानकारी निर्धारित संलग्न प्रपत्र अनुसार प्रस्तुत करें। प्राप्तांक में कोई त्रुटी/संशोधन होने पर निर्धारित प्रपत्र में दिए गए कॉलम में प्रविष्टी कर मार्कशीट की छायाप्रति संलग्न की जावे। |
| 4. | संलग्न निर्धारित प्रपत्र में बंधपत्र चिकित्सकों को अधिकतम विकल्प देना है जिससे पदस्थापना संबंधी कार्यवाही की जा सके, मात्र एक या दो विकल्प की प्रविष्टी करने पर विभाग उपलब्ध किसी भी रिक्त संस्था में चिकित्सक को पदस्थ करने हेतु स्वतंत्र होगा। |
| 5. | कोविड–19 के संदर्भ में एवं विभागीय आवश्यकता अनुसार रिक्त संस्थाओं की जिले वार सूची तैयार की गई है जो विभागीय वेबसाईट पर दर्शित की जा रही है। सूची शैक्षणिक योग्यता विषय अनुसार है। उक्त सूची किन्ही भी परिस्थितियों में कोई परिवर्तन नहीं किया जावेगा। |

संलग्न – प्रपत्र।

स्वास्थ्य आयुक्त द्वारा अनुमोदित

16/9/2020

अपर संचालक (विज्ञप्त)
संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें
मध्यप्रदेश

प्रपत्र

# प्रदेश के चिकित्सा महाविद्यालयों से वर्ष 2020 में स्नातकोत्तर डिग्री/डिप्लोमा उत्तीर्ण बंधपत्र चिकित्सकों की पदस्थापना

## आवेदन का प्रारूप

प्रति,

स्वास्थ्य आयुक्त,
सतपुड़ा भवन, भोपाल,
संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें,म0प्र0।

विषय :– वर्ष 2020 में स्नातकोत्तर डिग्री/डिप्लोमाधारी बंधपत्र चिकित्सक की पदस्थापना हेतु विकल्प प्रस्तुत करने के संबंध में।

संदर्भ :– आपके द्वारा वेबसाईट www.health.mp.gov.in पर विज्ञापित सूचना अनुसार।

महोदय,

मैं निम्नानुसार विवरण के अनुसार 01 वर्ष की अनिवार्य बंधपत्र सेवा हेतु सहमति प्रदान कर रहा हूँ :–

| सरल क्र. | विवरण | विवरण |
|---|---|---|
| 1 | चिकित्सक का नाम | |
| 2 | अनंतिम मेरिट सूची में क्रमांक (यदि अंकों में त्रुटी है तो सरल क्रमांक 09 में प्रविष्टी करें) | |
| 3 | डिग्री/डिप्लोमा विषय का नाम अंकित करें | |
| 4 | मोबाईल क्रमांक | |
| 5 | ई–मेल | |
| 6 | पदस्थापना हेतु विकल्प के **जिले का नाम** | संचालनालय द्वारा जारी रिक्त स्थानों की सूची में सरल क्रमांक एवं संस्था का नाम |
| | 1. | |
| | 2. | |
| | 3. | |
| | 4. | |
| | 5. | |
| 7 | यदि किसी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में बंधपत्र पूर्ण कर रहे हैं तो विवरण – पदनाम, नियुक्ति दिनांक, कार्यग्रहण करने का दिनांक | |
| 8 | मेरिट सूची में प्राप्तांक/पूर्णांक में त्रुटी होने पर वास्तविक प्राप्तांक/पूर्णांक लिखे एवं परीक्षाफल की छायाप्रति संलग्न करें | |
| 9. | रिमार्क | |

–:: घोषणा पत्र ::–

मैं डॉ ........................................................ पुत्र श्री ................................................... शपथ पूर्वक यह कथन करता हुं कि मेरे द्वारा वर्ष 2020 में ................................................ चिकित्सा महाविद्यालय से स्नातकोत्तर डिग्री/डिप्लोमा अध्ययन पूर्ण किया गया है एवं मैं 01 वर्ष की अनिवार्य बंधपत्र सेवा हेतु बाध्य हूँ। मेरे द्वारा संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें द्वारा स्नातकोत्तर बंधपत्र चिकित्सकों हेतु जारी मेरिट सूची का अवलोकन कर लिया गया है एवं मैं मेरिट सूची में अपने क्रम पर अंकित सूचना की सहमति देता हुं । (यदि प्राप्तांक /पूर्णांक में त्रुटी है तो प्रपत्र में अंकित करें) । मेरे द्वारा प्रस्तुत पदस्थापना स्थलों के विकल्पों में पद रिक्त न होने की स्थिति में विभाग की आवश्यतानुसार पदस्थापना हेतु सहमति प्रदान करता हुं।

हस्ताक्षर

नाम.........................

स्थान.........................

दिनांक.........................